हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026


तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री


12 चुनाव खर्च नहीं संभालने वाले प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे ..





12 विश्व शांति के लिए सकारात्मक रखनी होगी ..




## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान राजन और सुशील कुमार, निवासी गांव खेड़ा के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता अमरजीत सिंह ने 11 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने जमीन का इकरारनामा (एग्रीमेंट) किया था और इसके बदले में भारी रकम वसूल ली थी। लेकिन पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने से इनकार कर दिया और करीब 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों नामजद आरोपियों, राजन और सुशील कुमार को काबू कर लिया।

### महिला के कान से झपटी सोने की बाली

**यमुनानगर।** फर्कपुर थाना क्षेत्र के आर्य नगर में सैर कर रही महिला के कान से युवक ने सोने की बाली झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आर्य नगर जगाधरी वर्कशॉप निवासी अमरजीत सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मां सुखदेव कौर तीन मई को सुबह पांच बजे घर के बाहर सैर कर रही थी। इस दौरान एक लड़का उसकी मां का पीछा करते हुए आया। जब तक उसकी मां कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने उसकी मां के कान से सोने की बाली झपट ली और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कहासुनी में युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव सोहाना निवासी साजन ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो मई को दोपहर दो बजे थाना छप्पर में किसी काम से आया था। जहां पर उसकी कमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्द भी बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कमल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बाइक को टक्कर मारकर युवक पर डंडों से हमला

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव जागधोली में चार युवकों ने एक व्यक्ति की बाइक को टक्कर मारकर उस पर डंडों से हमला कर दिया। हमले में घायल पुष्पेंद्र कुमार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को काम से जा रहा था, तभी वंश और उसके तीन साथियों ने उसकी बाइक को टक्कर मारी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पुलिस ने शिकायत के आधार पर वंश को नामजद करते हुए तीन अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनआईटी में शिक्षण में नैतिकता पर व्याख्यान

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में शिक्षण में नैतिकता विषय पर एक विशिष्ट अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बेंगलुरु स्थित क्रिएटिव शिक्षण अकादमी के अध्यक्ष डॉ. गुरुराज कराजगी ने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए।

## यमुनानगर के पुराना हमीदा में वारदात

# पारिवारिक विवाद में गंडासी व रॉड मारकर युवक की हत्या

- घायल को पीजीआई ले जाते समय रास्ते में हुई मौत
- चाचा सहित कई आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर पुलिस और लोगों की भीड़।



मृतक मेहंदी हसन का फाइल फोटो

शहर के पुराना हमीदा इलाके में पारिवारिक रंजिश के चलते युवक पर गंडासी व लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। घटना रविवार रात साढ़े 10 बजे की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गई शिकायत में हमीदा निवासी जब्बार हसन ने बताया कि उसका परिवार खेती-बाड़ी का काम करता है और वह पांच भाइयों में सबसे छोटा है। आरोप है कि उसके चाचा कुर्बान और उनके परिजन पिछले कई दिनों से उसके भाई मेहंदी हसन के साथ गाली-गलौच कर रहे थे और रंजिश रखे हुए थे। रविवार की रात करीब साढ़े 10 बजे जब वह और उसका भाई मेहंदी हसन घर के बाहर बैठक में बैठे थे। इसी दौरान कुर्बान वहां पहुंचा और मेहंदी को अपशब्द कहने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। शोर सुनकर दोनों पक्षों के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने बीच-बचाव कर सभी को घर भेज दिया। उसने बताया कि कुछ ही देर बाद जब वह और मेहंदी हसन अपने बड़े भाई के घर जा रहे थे, तो गली में पहले से घात लगाए खड़े आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आवेश और सोहेल ने लोहे की गड़ासी से मेहंदी हसन की टांगों पर वार किए। वहीं, कुर्बान ने लोहे की रॉड, साकिर ने लोहे के पाटला, बलकिसा ने ईंट और एक अन्य युवक ने डंडे से हमला किया। हमले में मेहंदी गंभीर रूप से घायल होकर गली में ही बेहोश हो गया और उसके पैरों से काफी खून बहने लगा। उसने परिजनों के साथ घायल को तुरंत शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पानीपत। आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए फायर ब्रिगेड कर्मी। फोटो: हरिभूमि

# पानीपत की टेक्सटाइल मिल में भीषण आग से इमारत गिरी

## 50 दमकल की गाड़ियों ने 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

**पानीपत।** पानीपत में गत रविवार देर रात रिसालू रोड स्थित लक्ष्य टेक्सटाइल मिल्स में भीषण आगजनी से भारी आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ इमारत भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार रात पानीपत में तेज आंधी और तूफान चल रहा था। मिल प्रबंधन के अनुसार खराब मौसम के कारण मिल के भीतर बिजली का शॉर्ट सर्किट हो गया। इंडस्ट्री में बड़ी मात्रा में धागा और कच्चा माल रखा होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही मिनटों में पूरी मिल आग की लपटों और काले धुएं से घिर गई। दमकल की करीब 50 गाड़ियों ने लगभग 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन अमित गोस्वामी ने बताया कि आग इतनी भयानक थी कि जिले के विभिन्न केंद्रों से गाड़ियां बुलानी पड़ीं। रात 2 बजे से सुबह 9 बजे तक लगातार पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। करीब 7 घंटे के संघर्ष के बाद रविवार सुबह आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। इस दौरान मिल में रखा सारा धागा, तैयार माल और कच्चा माल जलकर राख हो गया। आग की तीव्रता से भवन की छत और दीवारें कमजोर होकर गिर गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## अंबाला के मोहड़ा फाटक के पास हुई वारदात

# फिल्मी अंदाज में बदमाशों ने गाड़ी में सवार लोगों पर किया हमला

- बदमाशों पर चार करोड़ की फिरौती लेने का भी आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला-दिल्ली नेशनल हाइवे के पास मोहड़ा फाटक के समीप उस समय सनसनी फैल गई जब बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी को घेरकर उसमें सवार परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाड़ी के शीशे तोड़कर अंदर बैठे बुजुर्ग, महिलाओं और एक बच्ची पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए।पीड़ित रणधीर सिंह, निवासी माखू माजरा (करनाल) ने पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी, पुत्रवधू और पोती के साथ इस्माइलपुर गांव से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी मोहड़ा फाटक के पास पहुंची, स्कॉर्पियो और बाइक सवार 6-7 बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। जब उन्होंने सुरक्षा के लिए दरवाजे लॉक कर लिए तो आरोपियों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और भीतर बैठे लोगों पर हमला कर दिया।आरोप है कि सोनीपत के नयावास निवासी रमेश पहलवान के गिरोह द्वारा पिछले तीन वर्षों से धमकाकर करीब 4 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है और अब 5 करोड़ रुपये की नई फिरौती की मांग की जा रही थी। रकम न देने पर यह हमला किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विक्रम, पागल सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दंगा करने, घातक हथियार से हमला करने और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रणजीत का हत्यारोपी पकड़ा पत्नी से अवैध संबंध में की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



बिहौली गांव के खेतों में हुई मजदूर रणजीत की हत्या की वारदात का पर्दाफास कर पुलिस ने आरोपी को समालखा में फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के पूर्णिया जिले के सतडोंग गांव निवासी विनोद ऋ षि उर्फ प्रमोद के रूप में हुई है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि थाना बापौली में बिहौली निवासी जिले सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह खेती बाड़ी करता है। उसके पास रणजीत पुत्र सिबरत निवासी नया टोल गंगेली पूर्णिया बिहार खेत में करीब 10 साल से काम कर रहा था और खेत में बने टयूबेल के कोठड़े में ही रहता था। भतीजे अमित को खेत में काम करने के लिए एक मजदूर की जरूरत थी। उसने रणजीत को मजदूर लाने के लिए कहा था। गत 27 अप्रैल को सुबह करीब 7:30 बजे वह खेत में गया तो कोठड़े के आगे बने बरामदे में काफी खून बिखरा मिला। आरोपी ने रणजीत की धारदार हथियार से हत्या करना स्वीकारा। हत्या अवैध संबंधों में की गई है।

# केयू में आज 'सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र' पर सेमिनार

## मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में "सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र" विषय पर सेमिनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन 5 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह आयोजन विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर कला उत्सव में भाग लेने वाली राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को क्रश हॉल में प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण को समर्पित इस प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनल लगाए गए हैं, जिनका उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। प्रदर्शनी में विज्ञान एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान देने वाली महिला वैज्ञानिकों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही हरियाणा के विकास में महिलाओं की भूमिका को भी प्रमुखता से दर्शाया जाएगा।

# नौकरी का लालच देकर छह लाख ठगे, दो पर केस

- पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चंडीगढ़ नगर निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर दुराना निवासी जगविंद्र सिंह से करीब 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र और आईकार्ड देकर तीन माह तक प्रशिक्षण भी दिलाया, जबकि असल में कोई नौकरी नहीं लगी।पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात अर्जुन सिंह से हुई थी, जिसने खुद को नगर निगम में बड़े संपर्क वाला बताकर सीनियर असिस्टेंट की नौकरी दिलाने का दावा किया। सौदा 16 लाख रुपये में तय हुआ और धीरे-धीरे रकम ली गई। बाद में दस्तावेज फर्जी निकले।आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद अंबाला कैंट थाना पुलिस ने अर्जुन सिंह व कैथल निवासी कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

# अंबाला: कारोबारी के खाते से 5.72 लाख की साइबर ठगी

- मोबाइल हैक कर तीन ट्रांजेक्शन में उड़ाई रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


चंडीगढ़ नगर निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर दुराना निवासी जगविंद्र सिंह से करीब 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र और आईकार्ड देकर तीन माह तक प्रशिक्षण भी दिलाया, जबकि असल में कोई नौकरी नहीं लगी।पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात अर्जुन सिंह से हुई थी, जिसने खुद को नगर निगम में बड़े संपर्क वाला बताकर सीनियर असिस्टेंट की नौकरी दिलाने का दावा किया। सौदा 16 लाख रुपये में तय हुआ और धीरे-धीरे रकम ली गई। बाद में दस्तावेज फर्जी निकले।आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद अंबाला कैंट थाना पुलिस ने अर्जुन सिंह व कैथल निवासी कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।


## यमुनानगर के नथनपुर के पास बड़ा हादसा

# तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




गांव नथनपुर के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव रामपुर खादर निवासी 65 वर्षीय पृथ्वी चंद के रूप में हुई है, जो बीती रात परचून की दुकान से राशन लेकर घर लौट रहे थे।जानकारी के अनुसार मृतक का बेटा अक्षय भी उस समय मौके पर मौजूद था। उसने बताया कि उसके पिता बस अड्डे के पास दुकान से सामान लेकर सड़क पार कर रहे थे, तभी नथनपुर की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद कार चालक कुछ दूरी पर रुका, लेकिन भीड़ इकट्ठी होते देख मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरिगढ़ भौरख के किसान परमजीत को मार्केट कमेटी ने दिया चेक

# करंट से झुलसे किसान को की 2.50 लाख की मदद

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत मिली राहत
- कृषि हादसों में मृत्य व विकलांगता पर अलग-अलग मुआवजे का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



गांव हरिगढ़ भौरख निवासी किसान परमजीत सिंह को बिजली के करंट से घायल होने के बाद राहत देते हुए मार्केट कमेटी ने 2 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह राशि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत दी गई।मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने बताया कि परमजीत सिंह कृषि कार्य के दौरान करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। योजना के तहत उन्हें निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सहायता दी गई है।उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत खेत में कार्य करते समय किसान की मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं स्थायी पूर्ण विकलांगता, रीढ़ की हड्डी टूटने या पूरी तरह अपंग होने की स्थिति में 2.50 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा अंग भंग होने पर 1,87,500 रुपये, उंगलियां कटने पर 75 हजार रुपये और आंशिक रूप से उंगलियां कटने पर 37,500 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पीड़ित किसान को मार्केट कमेटी कार्यालय में आवेदन करना होता है। पहले भी कई किसानों को कृषि कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर इस योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

# 126 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गढ़ी रोड हमीदा क्षेत्र से एक युवक को 126 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक खाली प्लॉट के पास नशीले पदार्थ की सप्लाई कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हेरोइन बरामद हुई।पकड़े गए आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई की। अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नंबरदार टीकाकरण के लिए करें जागरूक

**रादौर।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक का आयोजन रादौर के तहसील कार्यालय परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान नैब सिंह खुर्दबन ने की। बैठक में एसोसिएशन के नए प्रधान को लेकर नंबरदारों द्वारा विचार विमर्श किया गया। एसोसिएशन के प्रधान नैब सिंह खुर्दबन ने बताया कि सर्वसम्मति से नए प्रधान के चुनाव के लिए 18 मई को सुबह 10 बजे कस्बा की कांबोज धर्मशाला में बैठक आयोजित की जाएगी।

### एडवोकेट पंकज अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान

**रादौर।** अग्रवाल वैश्य समाज ने एडवोकेट पंकज गुप्ता को रादौर विधानसभा क्षेत्र का समाज का प्रधान बनाया है। इस दौरान पंकज



गुप्ता ने समाज के प्रदेशाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। समाज के जिला अध्यक्ष आशीष मित्तल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा समाज की रादौर विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से एडवोकेट पंकज गुप्ता को प्रधान, विनय जिंदल को महासचिव व अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त रादौर विधानसभा क्षेत्र के प्रधान एडवोकेट पंकज गुप्ता ने कहा कि वह समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### बंदियों व जेल स्टाफ ने किया योग अभ्यास

**यमुनानगर।** हरियाणा योग आयोग व राज्य के महानिदेशक कारागार के दिशा निर्देशानुसार प्रदेश भर की सभी जेलों में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रुप से मनाया जाएगा। जिसके लिए जिला जेल यमुनानगर में पांच दिवसीय योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में बन्दियों व जेल स्टाफ द्वारा योग क्रियाएं की गई। इस दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया व जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में जिला योग समन्वयक एवं योग विशेषज्ञ डॉ. शिवकुमार सैनी व योग सहायक सोनिया चहल के द्वारा सभी बन्दियों व जेल स्टाफ को योगाभ्यास जिसमें ताडासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन आदि योग क्रियाएं करवाई गई।

---

#### जगह-जगह पर कार्यक्रम, मनाईं खुशियां, बांटीं मिठाइयां

# पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत से गदगद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

### पश्चिम बंगाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर लगाई मोहर : कांबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा को पश्चिमी बंगाल, पांडीचेरी व आसाम में मिली भारी जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने अलग अलग स्थानों पर लड्डू बांटकर व नाचकर खुशी जताई। मौके पर कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर नाचकर एक दूसरे को बधाई दी।

पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी व असम में भाजपा पार्टी की प्रचंड व ऐतिहासिक जीत पर वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज के नेतृत्व में मंधार में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं में लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी व असम में प्रचंड जीत दर्ज की है। बंगाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर मोहर लगाने का काम किया है। बंगाल में भाजपा की जीत ने कार्यकर्ताओं की मेहनत को कामयाब किया है।



यमुनानगर। खेड़ी लक्खा सिंह में जीत पर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### लक्खा सिंह खेड़ी में बांटे लड्डू

भाजपा पार्टी की पश्चिम बंगालए असम व पांडीचेरी चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी के नेतृत्व में सोमवार को गांव लक्खा सिंह खेडी में लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर हैप्पी खेडी ने कहा कि भाजपा पार्टी की नीतियों के चलते जनता ने बंगाल चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत देने का काम किया है। यह जीत भाजपा के मेहनती व ईमानदार कार्यकर्ताओं की जीत है। भाजपा पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे प्रशिक्षण दिया है कि वह चुनावों में आखिरी तक कौशिश करता है। इस अवसर पर सुरिंदर टोपरा, चरण सिंह सैनी, जय भगवान, वीरेंद्र चानना, नर सिंह, बसेसर व पवन आदि मौजूद रहे।

#### जठलाना में कराया मुंह मीठा

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत से पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। जठलाना में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश मेहता के नेतृत्व पार्टी की तीन राज्यों में हुई प्रचंड जीत पर खुशी जताई। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश मेहता ने कहा कि पश्चिमी बंगाल की जनता ने पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर वहां पर रामराज्य लाने का काम किया है। पश्चिमी बंगाल, पांडीचेरी और आसाम में भाजपा की जीत में कार्यकर्ताओं, जनता और प्रधानमंत्री, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी समेत अन्य नेताओं का भारी योगदान रहा है।

### भाजपा की जीत जनता के विश्वास का प्रतीक

#### अब जनता जातिवाद और परिवारवाद से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित में फैसले ले रही : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ नाच कर व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

बहमनी ने कहा कि यह जीत देश की जनता के अटूट विश्वास और भाजपा की विकासोन्मुख नीतियों की स्वीकृति का प्रतीक है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भाजपा की यह सफलता बताती है कि अब देश की जनता विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय ले रही है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के जीवन स्तर को सुधारने में सफल रही हैं। इसी का परिणाम है कि मतदाताओं ने भाजपा को प्रचंड समर्थन दिया।

मेयर ने पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं ने लोगों तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाया, जिसके कारण यह ऐतिहासिक जीत संभव हो सकी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार इन राज्यों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरे देश में सकारात्मक राजनीति को मजबूती देगी और भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



यमुनानगर। भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाकर खुशी मनातीं मेयर बहमनी।

---



### उपायुक्त प्रीति ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**यमुनानगर।** उपायुक्त प्रीति ने तहसील कार्यालय जगाधरी का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए तथा कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर भी चैक किया। उपायुक्त ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व कार्यालय के अन्य कर्मियों को कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता का स्तर उच्च होना चाहिए ताकि आम नागरिकों को एक बेहतर और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्यस्थल को साफ.सुथरा रखने की जिम्मेदारी स्वयं लें। उन्होंने कहा कि किसी भी समय किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जा सकता है। सभी अपने कार्यालय और कार्यस्थल को स्वच्छ और साफ.सुथरा रखें। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, नायब तहसीलदार अमित कुमार, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## महिलाओं और बच्चों की योजनाओं पर रखें नजर

- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्कीमों की समीक्षा बैठक का जिला सचिवालय के सभागार में आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बैठक की अध्यक्षता की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं और स्कीम जिसमें पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, क्रेच सेंटर, वन स्टॉप सेंटर, आपकी बेटी हमारी बेटी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन वात्सल्य, प्ले स्कूल एवं अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सभी लाभार्थियों को समय से लाभ देने एवं सभी जनकल्याणकारी योजना एवं स्कीमों का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओं एवं बच्चों के पोषण संरक्षण स्वास्थ्य को लेकर अहम भूमिका रहती है। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी कार्य को गति देने के निर्देश दिए गए। शहरी और ग्रामीण स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में बैठक में दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह मुक्त अभियान, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रगति की समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा निर्धारित नियमों अनुसार सभी पोर्टल पर कार्यों को अपडेट करें। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मिक्षा रंगा ने सभी की प्रगति से संबंधित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जनता की समस्या का करें त्वरित समाधान

- उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में आई शिकायतों व समस्याओं का उपायुक्त प्रीति के मार्ग दर्शन में अधिकारियों ने समाधान किया। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिक आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। इसी कड़ी में समाधान शिविर में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियोंको निर्देश दिए कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका जल्द निपटान करें। उपायुक्त ने बताया कि गांवों में वे स्वयं एवं अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके घर के पास समाधान शिविरों का आयोजन होता है। ताकि लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए इधर उधर भटकना न पड़े।

#### कोताही बर्दाश्त नहीं

उपायुक्त ने बताया कि जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में अधिकांश शिकायतें परिवार पहचान पत्र, सिवरेज व बिजली से सम्बंधित आई। जिनका का समाधान मौके पर ही किया गया। समाधान शिविरों में जिला की जनता की भिन्न भिन्न प्रकार की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के प्रयास किए जाते हैं। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए जाते हैं कि वे अपने अपने विभाग से जुड़ी लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें और संबंधित विभाग के अधिकारी लोगों की समस्याओं के समाधान करने में देरी व कोताही न करें। मौके पर उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक अतुल कुमार व एएसआर अंजना और समाधान शिविर के विशेष सदस्य खरैती लाल बतरा व नीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं : गोयल

- जिला पुलिस प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा को लेकर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर ठगों से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जिसमें जिलेवासियों को डिजिटल अरेस्ट जैसी फर्जी और भ्रामक साइबर फ्राड के संबंध में जागरुक किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने सोमवार को अपने कार्यालय में जिलेवासियों को साइबर ठगों की ठगी से सावधान रहने के लिए आहवान किया है।



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई भी कानूनी प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं है। इस नाम पर की जाने वाली सभी कॉल व वीडियो कॉल पूरी तरह से ठगी का प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को फोन या वीडियो कॉल करते हैं। वह पीड़ति को डराने के उद्देश्य से झूठे आरोप लगाते हैं। वे आपके बच्चों के किसी अपराध में शामिल होने जैसी बातें भी कर सकते हैं। बदले में वे आपसे रकम की मांग कर सकते हैं। साइबर अपराधी इतने शातिर होते हैं कि वे आपको इतना भयभीत कर देते हैं कि आप उनकी बातों में आ जाते हैं। जिनमें अवैध पार्सल, मनी लॉनड्रिंग या किसी गंभीर अपराध में नाम शामिल होना और फिर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर मानसिक दबाव बनाना आदि शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों को सचेत किया कि वह ऐसे किसी कॉल से घबराएं नहीं और सतर्क रहकर तुरंत कॉल काट दें। वहीं, किसी भी अनजान व्यक्ति को निजी या बैंक संबंधी जानकारी न दें। परिवार के सदस्यों या नजदीकी पुलिस, थाना,चौकी से तुरंत संपर्क करें।

#### वीडियो काल पर पुलिस नहीं करती गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि पुलिस कभी भी फोन या वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती है। वहीं, किसी भी जांच एजेंसी द्वारा ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने को नहीं कहा जाता है। उन्होंने कहा कि ओटीपीए बैंक विवरण या निजी जानकारी मांगना ठगी का स्पष्ट संकेत है।

#### डिजिटल अरेस्ट फ्राड के सामान्य तरीके

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट फ्राड के सामान्य तरीके हैं। जिनमें लगातार वीडियो कॉल पर बने रहने का दबाव, घर से बाहर न निकलने और किसी से बात न करने की धमकी, डर का माहौल बनाकर तुरंत पैसे ट्रांसफर कराने का प्रयास आदि शामिल हैं।

## लोगों से बिजली की बचत करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गर्मी के मौसम में बिजली की दिनों दिन बढ़ रही खपत को कम करना बेहद जरुरी है। इसके लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करके 15 से 20 प्रतिशत तक बिजली बचाई जा सकती है। जिला उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को बिजली की बचत करने के लिए आहवान किया है।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करके 15 से 50 प्रतिशत तक बिजली बचाई जा सकती है। बेहतर कुशलता वाले रेफ्रिजरेटरों से खपत में 15 से 40 प्रतिशत तक बचत संभव है और वातानुकूलन संयंत्रों का तापमान 26 डिग्री रखकर बिजली में भारी बचत की जा सकती है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि राज्य में घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं की संख्या सर्वाधिक है और कुल उपलब्ध बिजली में से 20 प्रतिशत से अधिक बिजली की आपूर्ति इसी क्षेत्र को की जाती है। घरेलू वर्ग के उपभोक्ता ही अधिकांशतः, गैर घरेलू, औद्योगिक, नलकूप अथवा अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता हैं। घरेलू वर्ग के उपभोक्ता बिजली बचत द्वारा बिलों की राशि कम होने से प्रेरित हो कर दूसरी श्रेणियों में भी बेहतर प्रकार के बिजली उपकरणों के इस्तेमाल को प्रेरित होगें। उन्होंने बताया कि टेलीविजन या अन्य उपकरणों को स्टैण्ड बाई मोड़ पर रखने से भी बिजली की बर्बादी और बिल में बढ़ोतरी होती है।



उपायुक्त प्रीति।

#### जगाधरी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

## मन को शांत करने के लिए ब्रह्मज्ञान नितांत आवश्यक: भारती

### कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने श्रद्धालुओं को समझाया ब्रह्मज्ञान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। समापन अवसर पर पूर्णाहुति व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा के समापन पर कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने मन की अशांति को शांत करने के लिए श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान के महत्व को समझाया। कथा के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य यजमान के रुप में सुरेश गुप्ता, मृदुला गुप्ता, आस्था, प्रतीक, कुलदीप कांसय व गीता कांस्य आदि मौजूद रहे।

कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का उद्देश्य धर्म को व्यवसाय बनाना नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से धर्म को जन जन में प्रचारित करना है। उन्होंने बताया कि संस्थान में हजारों युवा अपना सब कुछ त्याग कर केवल समाज कल्याण के लिए ब्रह्मज्ञान की मशाल लेकर विश्व शांति के लिए कार्य कर रहे हैं। साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि वर्तमान समाज में अशांति का मूल कारण मानव मन की अशांति है। इस मन को शांत करने हेतु मानव को ब्रह्मज्ञान की नितांत आवश्यकता है। जब मानव सहज आनंद में आ जाएगा तभी समाज, राष्ट्र व विश्व शांति स्थापित हो सकती है। विश्व शांति की ध्वज लिए संस्थान आज आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र में पूर्णतः कार्यरत हैं। संस्थान द्वारा भ्रूण हत्या, नशा, अश्लीलता, पर्यावरण संरक्षण, गौ वध, युवाओं में नैतिक व चारित्रिक हनन जैसे मुद्दों पर गंभीरता से कार्य कर समाधान प्रस्तुत किया जा रहा है। संस्थान ने अंतरक्रांति कार्यक्रम के तहत देश की जेलों में आध्यात्मिक विचारों व ब्रह्मज्ञान के माध्यम से कैदियों में आमूल परिवर्तन कर दिखलाया है। केंद्रीय कारागार तिहाड़ इसकी एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसके अलावा अंतरदृष्टि कार्यक्रम के अधीन समाज में तिरस्कृत व लाचारा दृष्टिहीन लोगों को मोमबत्ती व साबुन बनाने का व्यवसाय सिखा कर उनको अपने पैरों पर खड़ा किया गया है। देश की युवा शक्ति को नैतिक व चारित्रिक स्तर पर सुदृढ़ करने हेतु अनेकों कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। जिसमें युवाओं को नशों से दूर समाज के सभ्य नागरिक बनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। संस्थान द्वारा अनेकों आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में चेतना का संचार किया जा रहा है जो अपने आप में अद्वितीय मिसाल है। कथा के समापन पर पूर्णाहुति व हवन यज्ञ का भी अयोजन किया गया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, रीटा रानी, मुकेश गर्ग, संजीव गर्ग, मंजू गर्ग, डॉ. हिमानी गर्ग, डॉ. प्रियंका आदि मौजूद रहीं।



यमुनानगर। श्रीमद्भागवत कथा में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### छात्रों ने किया अमृतसर का शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय अकादमिक संवाद एवं शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर का दौरा किया। पंजाबी अध्ययन स्कूल के प्रमुख प्रो. मंजिंदर सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और नई दिशा प्रदान करते हैं, जबकि कुलपति प्रो. करमजीत सिंह ने इसे सराहनीय पहल बताया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों और पुस्तकालय प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका और जलियाँवाला बाग जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### बिजली समस्याओं का समाधान के लिए बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 5 मई को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 5 मई को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी।

### कई गांवों में जागरूकता शिविरों लगाए

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा ट्रैवलर वैन के माध्यम से विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान पैनल अधिवक्ता नीलम रानी एवं पीएलवी पूनम द्वारा गांव घरारसी, बारना, हथीरा एवं पिंडारसी के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

### बीजेपी की जीत पर ढोल की थाप पर थिरके भाजपाई

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा की पश्चिम बंगाल व असम में बंपर जीत के बाद भाजपाईयों ने ढोल की थाप पर नाचकर व लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। गीता कमल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर, जलेबी बाँट कर पश्चिम बंगाल व असम में बीजेपी को बहुमत मिलने की खुशी का इजहार किया। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्ड़ी ने इस जीत को भाजपा प्रधान नितिन नबीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भाजपा वर्करों की जीत बताया।

### महिलाओं को वितरित करेंगे सिलाई मशीन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लगने वाली प्रदर्शनी में केयू महिला अध्ययन शोध केन्द्र व केयू एलुमनी एसोसिएशन के सहयोग से पिछले पांच वर्षों में शोध संस्थान द्वारा महिलाओं के विकास एवं प्रशिक्षण के लिए जो कार्य किए गए हैं उन सभी को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रशिक्षण हासिल करने वाली ग्रामीण महिलाओं को सिलाई व कढ़ाई मशीनें प्रदान करेगे।

## आयुक्त संजीव वर्मा ने 6 दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर शुरू

# प्रदेश में आने वाली आपदा से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे 130 वालंटियर

### युवाओं की तैराकी क्षमता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर 6 दिन में 130 वालंटियर प्रदेश में आने वाली आपदा से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है, जो पूरे प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में बचाव व मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। हरियाणा प्रदेश को विश्व भर में खेलों के माध्यम से पहचान मिली है। यहां के युवा गांवों के तालाबों से तैराकी सीखकर मेडल लाते रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए गांवों के तालाबों को तैराकी के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां से प्रशिक्षण के बाद सभी वालंटियर अपने आसपास के लोगों को भी तैराकी के गुणों से अवगत करवाएं।

अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा सोमवार को ब्रह्मसरोवर पर राजस्व विभाग द्वारा आयोजित 6 दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। आयुक्त संजीव वर्मा ने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नाव प्रशिक्षण को हरी झंडी दिखाकर ट्रेनिंग की अनुमति दी। आयुक्त संजीव वर्मा को अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयुक्त संजीव वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम शंभू राठी, डीआरओ चेतना चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने ब्रह्मसरोवर में वोटिंग भी की। इस प्रशिक्षण शिविर में 23 जिलों के 130 प्रशिक्षार्थी और 20 मास्टर ट्रेनर को अप टू डेट किया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** हरी झंडी दिखाकर शिविर का शुभारंभ करते आयुक्त संजीव वर्मा।

### बाढ़ प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में सभी विभागों की भागीदारी पर दिया जोर

आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि बाढ़ के समय मानव के अलावा पशुओं को भी नुकसान पहुंचता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस शिविर में पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग को प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में पूरा प्रशासन टीम वर्क के साथ काम करता है। इसलिए प्रशिक्षण में भी सभी विभागों को टीम बनाकर ही शामिल किया जाना चाहिए। आयुक्त संजीव वर्मा ने जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि छह दिवसीय शिविर में प्रदेशभर से 150 प्रशिक्षणार्थी और ट्रेनर हिस्सा ले रहे हैं। इन सभी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग शिविर लगाया जाए, ताकि प्रशिक्षण के दौरान शरीर में ऊर्जा का संचार बना रहे। जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि इस शिविर में तैराकी, रोइंग, चप्पू नाव, रेडक्रॉस प्रशिक्षण की नॉलेज का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले को सम्मानित किया जाएगा और जिस जिले के ज्यादा विजेता होंगे, उस जिले को ओवरऑल ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी, अंडर सेक्रेटरी हरी किशन, मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार, तहसीलदार पूनम सोलंकी, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, तारा चंद, आशू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किड्जी कल्याण नगर में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



**कुरुक्षेत्र।** माताओं के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्जी स्कूल कल्याण नगर में मातृ दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्ले-वे से लेकर जूनियर केजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के लिए आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर उनके प्रति अपने प्रेम और स्नेह को व्यक्त किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित माताओं का दिल जीत लिया। नर्सरी कक्षा के बच्चों की माताओं के लिए आयोजित फेसबुक प्रतियोगिता में भी उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में माहिका की माता ने अधिकतम लाइक्स, शेयर और कमेंट्स प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर केजी और कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं के लिए फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए।

प्रतियोगिता में वैदांश की माता गीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्ष हनुमान की माता निकम गीतांजलि ने द्वितीय स्थान और कियान की माता कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### श्री हजूर साहिब के लिए आज जाएगी विशेष ट्रेन

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा की श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी में गौशाला चारा अनुदान वितरण समारोह में हिस्सा लेंगे। इसके पश्चात लाडवा के शिवाला रामकुंडी में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के सभागार में सशक्त महिला, सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रेलगाड़ी में कुरुक्षेत्र से कुरुक्षेत्र अंबाला, यमुनानगर और कैथल के श्रद्धालु शामिल होंगे। पानीपत, सोनीपत, सोनीपत, रोहतक, जींद, करनाल, फरीदाबाद और पलवल से लगभग 830 यात्री रवाना होंगे।

## भाजपा की जीत पर शाहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

- बंगाल में तानाशाह का अंत, लोकतंत्र व भाजपा की नीतियों की हुई जीत : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खबर के साथ ही शाहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भाजपा नेता सुभाष कलसाना के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच नाच-गाकर और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। सुभाष कलसाना ने कहा कि बंगाल में भगवां लहराया है और असम में भाजपा की सुनामी आयी है जोकि लोकतंत्र की सच्ची जीत है और बंगाल में लंबे समय से चली आ रही तानाशाही का अंत हुआ है। उन्होंने असम और बंगाल की जनता का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों का असर देश की राजनीति पर व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। पंजाब में भी जल्द बड़ा बदलाव आएगा और वहां की जनता भाजपा को सत्ता सौंपेगी। इस मौके पर नपा के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, एडवोकेट आरडी गुप्ता, बलदेव राज सेठी, अशोक खुराना, पार्षद ईशु सचदेवा, पार्षद नीरज मट्टू आदि मौजूद रहे।



**शाहाबाद।** सुभाष कलसाना के कार्यालय पर जीत की खुशी मनाते सुभाष कलसाना व कार्यकत्र्ता।

### छह को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में जॉब फेयर

**कुरुक्षेत्र।** महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने कहा कि व्यवसाय सिविंग टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकेनिकल, एसओटी, ड्रेस मैकिगं, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इन्सटुमेंट मैकेनिक से आईटीआई पास,अपीयर छात्र, छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थाई रोजगार मुहैया करवाने के लिए 6 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में जॉब फेयर का आयोजन करवाया जा रहा है। महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने कहा कि इस संस्थान में व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकनिकल, एस ओ टी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट इलेक्ट्रीशियन, इन्सटुमेंट मैकेनिक आईटीआई पास,अपीयर छात्र,छात्राओं को शिक्षुता व स्थाई जॉब हेतु व्यवसाय अनुसार लेने के लिए भारत की मल्टीनेशन कम्पनी की टीम द्वारा कैम्पस इंटरव्यू लेने के लिए 6 मई को सुबह 9 बजे सस्थान में आ रही हैं।

## गौपुत्र सेना की जिला कार्यकर्ता हुई बैठक

- तहसील लाडवा कार्यकारिणी का गठन
- श्री कृष्ण कृपा गौ-चिकित्सालय में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

श्री कृष्ण कृपा गौ-चिकित्सालय गांव बन में प्रदेश सचिव राहुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यकत्रा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी योजनाओं एवं गौ सेवा से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में क्रांतिकारी राष्ट्रीय संगठन के महामंत्री सुनील विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कैथल जिलाध्यक्ष मोना सहारण, जींद जिलाध्यक्ष रामजाने, बरवाला उपाध्यक्ष संदीप गेबीपुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में जिले भर से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान सर्वसम्मति से तहसील लाडवा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें तहसील मार्गदर्शक कल्लू गिरि, अध्यक्ष सुमित गोयल, उपाध्यक्ष दीपांशु, आर्यन, संगठन मंत्री हर्षित, महासचिव विशाल मेहता, सचिव रोहित, हर्ष शर्मा, मीडिया प्रभारी मोहित बैरागी, कोषाध्यक्ष तेजिन्द्रपाल ने बैठक में उपस्थित सदस्यों ने गौ सेवा, गौ संरक्षण एवं समाज जागरूकता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।



**लाडवा।** बैठक में उपस्थित गौसेवक।

## आयुष विश्वविद्यालय में स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर अस्थमा स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल के बाल रोग विभाग में आयोजित होगा, जहां विशेषज्ञों की टीम बच्चों में अस्थमा के प्रारंभिक लक्षणों की जांच करेगी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि बार-बार खांसी, सांस फूलना, सीने में जकडऩ तथा ट्रिगरिंग वातावरण में सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षणों वाले बच्चों की पीईएफ और स्पाइरोमेट्री जांच के माध्यम से स्क्रीनिंग की जाएगी,ताकि रोग की समय रहते पहचान कर उपचार शुरू किया जा सके।

### अस्थमा: बढ़ती समस्या और नियंत्रण उपाय

विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने कहा कि अस्थमा भारत में तेजी से बढ़ती जन स्वास्थ्य समस्या है। प्रोफेसर डॉ. अमित कटारिया ने बताया कि यह एक दीर्घकालिक श्वसन रोग है, लेकिन समय पर पहचान, नियमित उपचार और धूल, धुआं व एलर्जी से बचाव के साथ आयुर्वेदिक औषधियों एवं प्राणायाम के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. सुधीर मलिक ने बताया कि बच्चों में अस्थमा उनके दैनिक जीवन, पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

## श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मारकंडा नदी के तट पर स्थित श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी सोमवार को ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में विड्डुशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर पूजन उपरांत भगवान शिव परिवार के भजनों का महंत जगन्नाथ पुरी ने गुणगान किया।

भजनों पर श्रद्धालु मस्ती में झूमते नजर आए। महंत जगन्नाथ पुरी ने सोमवार के दिन ज्येष्ठ महीने में पूजन के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पूजन जीवन के कार्यों में सफलता और समृद्धि के लिए बहुत उत्तम माना गया। कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर की गई पूजा-साधना, दान और मंत्र जाप से व्यक्ति को जीवन में स्थायी सफलता और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि इस विशेष दिन पितृ दोष की शांति और पितरों की कृपा पाने के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। ज्येष्ठ महीने में संयम, सात्विक भोजन और दान का संकल्प लेना कल्याणकारी माना गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ज्येष्ठ मास में पूजा-पाठ और दान करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति होती है। इस अवसर पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी सीताराम, स्वामी रामनाथ, स्वामी रमन गिरी, बिल्लू पुजारी, मयंक सैनी, जोगध्यान, सुशील कुमार, संतोष शर्मा, सुक्खा सिंह, नाजर सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** भजनों का गुणगान करते हुए महंत जगन्नाथ पुरी एवं श्रद्धालु।

## रेडक्रॉस की कल्याणकारी गतिविधियों को सब मिलकर जन-जन तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ की भारतीय रेडक्रॉस समिति महासचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा जिला रेडक्रॉस समिति कुरुक्षेत्र का दौरा किया। कार्यवाहक सचिव रमेश चौधरी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर महासचिव का स्वागत किया। महासचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा रेडक्रॉस समिति के अधिकारी, कर्मचारियों /प्रोजेक्ट में कार्यरत कर्मचारियों की बैठक ली गई। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस बेहतर तरीके से अपना कार्य कर रही है। फिर भी किसी भी प्रकार की शिकायत सीएम विंडो व अन्य रूप में प्राप्त होती है तो उसका समय रहते समाधान करें। यदि वह हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ से संबंधित मामला है तो उसे तुरंत राज्य शाखा को भेजना सुनिश्चित करें। रेडक्रॉस समिति द्वारा दिव्यांगजनों को समय पर सहायक उपकरण उपलब्ध करवाना, फिजियोथेरेपी में आए मरीजों को ठीक से चिकित्सा देना, टीआई प्रोजेक्ट, टीबी प्रोजेक्ट द्वारा जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।



**कुरुक्षेत्र।** सुनील कुमार का स्वागत करते रमेश चौधरी।

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में गुरु मां सरबती देवी को दी श्रद्धांजलि

- पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि यह गुरुमाता की 16वीं पुण्यतिथि थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मां भद्रकाली शक्तिपीठ में गुरुमाता सरबती देवी की पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर सेवक मंडल द्वारा गुरुमाता के जीवन और उनके सेवा-पथ को स्मरण करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि गुरुमाता सरबती देवी की सोलहवीं पुण्यतिथि थी, जिसमें गुरुमाता भावरूप में सेवकों के साथ मौजूद हैं, वे माँ भद्रकाली की अनन्या उपासिका थीं और उनका सम्पूर्ण जीवन माँ के चरणों में समर्पित था। उनकी भक्ति निःस्वार्थ, जीवन सादगी व तपस्या और सेवा कर्मयोग के प्रतीक थे। मंदिर में दैनिक दिनचर्या में देवी स्नान, श्रृंगार, मंगला आरती, भोग इत्यादि उपरांत ही अन्न-जल ग्रहण करती थीं। मंदिर की सफाई को ही उन्होंने सबसे बड़ा धर्म माना और सभी भक्तों को एक ही मंत्र दिया कि जितना माँ के मन्दिर को साफ-सुथरा रखोगे, चमकाओगे, माँ उतनी ही तुम्हारी किस्मत चमकाएगी। मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने गुरुमाता के जीवन से कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहना और मां भद्रकाली पर विश्वास बनाए रखना, को उनकी शिक्षाओं में से एक बताया।

### डीएलएसए ने शिकायत निवारण डेस्क किए स्थापित

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अनाज मंडी पिपली, लाडवा, बाबैन, ईंट भट्टा मथाना, मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर सेक्टर-2 तथा पीपी महिंद्रा, खानपुर कोलियां में शिकायत निवारण डेस्क स्थापित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इन डेस्कों के माध्यम से पैनल अधिवक्ता कुलदीप सिंह, रजत शर्मा,हरपाल सिंह एवं मंजू रानी द्वारा श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें न्यूनतम वेतन, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, ई-श्रम कार्ड, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण कोष तथा श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों का बिगड़ रहा स्वास्थ्य

# हर हाथ में मोबाइल, बचपन भी हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

आधुनिक दौर में मोबाइल फोन जहां लोगों की जरूरत बन चुका है, वहीं इसका बढ़ता प्रभाव अब बच्चों में भी साफ दिखाई देने लगा है। पहले जहां मोबाइल का उपयोग मुख्य रूप से बड़े लोग ही करते थे, अब बच्चे भी इसमें पीछे नहीं हैं। छोटे-छोटे बच्चे घंटों मोबाइल पर गेम खेलने, वीडियो देखने और सोशल मीडिया जैसी गतिविधियों में व्यस्त नजर आते हैं। अखिल भारतीय वैश्य वहां संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गर्ग का कहना है कि अभिभावकों की व्यस्त दिनचर्या और बच्चों को शांत रखने की कोशिश में मोबाइल एक आसान साधन बन गया है। अक्सर माता-पिता भी बच्चों को व्यस्त रखने के लिए खिलौनों की जगह मोबाइल थमा देते हैं, जिससे धीरे-धीरे बच्चों की आदत बन चुकी है।



मोबाइल के साये में सिमटता बचपन

### मोबाइल का बढ़ता असरः बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य पर खतरा

भारतीय शिक्षा समिति द्वारा संचालित बीएसएन स्कूल समिति के सचिव एवं सचिव भूषण गौतम का कहना है कि कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर खेल, किताबों और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रोत्साहित करना चाहिए। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर गंभीर परिणाम भुगतानें पड़ सकते हैं।

गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों में कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों को जन्म दे सकता है। लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन देखने से बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

चार्टड अकाउंटेंट गुलशन शर्मा ने कहा कि कम उम्र में ही नजर कमजोर होना, आंखों में जलन, सूखापन और सिरदर्द जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। इसके अलावा देर रात तक मोबाइल चलाने की आदत से नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे बच्चों में चिड़चिड़ापन और थकान बनी रहती है।

जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा किकि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम हो रही है और बाहरी खेलकूद में भी रुचि घटती जा रही है। वहीं आंखों की कमजोरी और नींद से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग बच्चों के लिए लाभकारी भी हो सकता है, लेकिन इसके लिए समय सीमा तय करना और अभिभावकों की निगरानी जरूरी है। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठकर मोबाइल चलाने से बच्चों में मोटापा बढ़ने का खतरा रहता है।

